**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 03.12.2025** **समय : 1905**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।
2. प्रधानमंत्री ने आज प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ किया।
3. द्वीप समूह में भी विश्व दिव्यांग दिवस दो हजार पच्चीस पर दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
4. अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफि्टंग चैम्पियनशिप में द्वीप समूह की महिला वेटलिफ्टर्स ने बाज़ी मारी– जीते दो मेडल।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कहा है कि किसी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि उनके साथ दया नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के पैरालिंपिक खेलों में देश ने 29 पदक जीते, जो भारतीय पैरा–एथलीटों द्वारा स्थापित प्रगति के मानक को दर्शाता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांग बहनों और भाइयों के लिए सम्मान, पहुंच और अवसर सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है। श्री मोदी ने कहा कि दिव्यांगों ने अपनी रचनात्मकता और पक्के इरादे की वजह से अलग–अलग क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है और हमारे देश की तरक्की को काफी बढ़ाया है। श्री मोदी ने कहा, "पिछले कुछ सालों में, भारत ने कानूनों, आसान इंफ्रास्ट्रक्चर, सबको साथ लेकर चलने वाली शिक्षा नीति और मददगार प्रौद्योगिकी में नवाचार के जरिए दिव्यांग कल्याण की दिशा में जरूरी कदम उठाए हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि राजभवन और राज निवास के नाम बदलकर लोकभवन और लोक निवास किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे एक विकसित और बेहतर भारत बनाने की दिशा में देश की यात्रा में एक अहम पड़ाव बताया, जिसमें सेवा और सुशासन मुख्य प्राथमिकताएं हैं। गृह मंत्री ने आगे कहा कि पिछले 11 सालों में, नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता के बजाय सेवा की पहचान रही है, जहां प्रधानमंत्री खुद को प्रधान सेवक मानते हैं और लोगों के लिए चौबीस घंटे सातो दिन काम करते हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विपक्ष के जासूसी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि संचार साथी ऐप से जासूसी न तो संभव है और न ही होगी। आज लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री सिंधिया ने स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार पंजीकरण करके ऐप को सक्रिय कर सकते हैं और इससे लाभांवित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक अरब मोबाइल उपयोगकर्ता हैं और उपयोगकर्ताओं को साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 2023 में संचार साथी पोर्टल और 2025 में संचार साथी ऐप लॉन्च किया गया है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने सोशल मीडिया, भ्रामक खबरों और एआई जनित डीप फेक पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार और भारतीय प्रेस परिषद दोनों ही किसी भी टीवी चैनल या समाचार पत्र के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि फर्जी खबरों या फर्जी बयानों का सक्रिय रूप से विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार के साथ–साथ राज्य सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि वे सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए काम करें कि समाज में विश्वास बना रहे और उसे और मजबूत किया जाए।

<><><><><><><>

समीहित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा अनिडको के सहयोग से आज विश्व दिव्यांग दिवस दो हजार पच्चीस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम है फोस्टरिंग डिस्बलीटी– inclusive Societies for advancing Social Progress मेगापॉड में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुक्त–सह–सचिव स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग डॉ संचिन शिड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में समावेशिता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम हमें याद दिलाती है कि प्रगति केवल इमारतों और तकनीक से नहीं बल्कि हर व्यक्ति को बराबरी से अपनाने में मापी जाती है। कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा दिव्यांगजन सेवाओं को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में बी आर डब्ल्यू एनटर्टेनमेन्टस के सहयोग से दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की क्षमताओं, आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी को समाज में सम्मान, स्वतंत्रता, समान अधिकार और दिव्यांगजनों की सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दिया गया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह की महिला वेटलिफ्टर्स ने आज त्रिशूर में हो रही ASMITA खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो और मेडल जीते। MTR पृथिका ने तिरपन किलोग्राम में ब्रॉन्ज़ मेडल जीता, जबकि तन्याशा ने तिरसठ किलोग्राम जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। यह शानदार प्रदर्शन द्वीप समूह की महिला एथलीटों की ताकत और बढ़ती काबिलियत को दर्शाता है।

<><><><><><><>

श्री वीर हनुमान जंयती का भव्य आयोजन चार दिसम्बर से उन्नीस दिसम्बर तक श्री वीर हनुमान मंदिर अबरडीन बाज़ार श्री विजयपुरम में किया जाएगा। पूजा सुबह दस बजे, ग्यारह बजे, शाम छ बजे और सात बजे आयोजित होगी। इसके अलावा सुबह नौ बजे और पांच बजे विषेश लक्ष आर्चना पूजा सम्पन्न होगी। बीस दिसम्बर को दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक अभिषेकम और साढ़े ग्यारह बजे से महाआरती के बाद भोग वितरण होगा। इक्कीस दिसम्बर को शाम पांच बजे से छह बजे तक पुष्पांजलि पूजा होगी तथा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उसी दिन शाम में छ बजे आरती होगी।

<><><><><><><>